# PAPER-II
# SOCIAL WORK

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

**J 1 0 1 3**

OMR Sheet No. : ............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

Time : **1 $^1/_4$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

# SOCIAL WORK
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. **All** questions are compulsory.

**1.** Which Indian state has lowest child sex ratio, from among the following ?
(A) Kerala (B) Karnataka
(C) Tamil Nadu (D) Punjab

**2.** Which one of the following is not the professional view of social work ?
(A) Client as object
(B) Client as citizen
(C) Client as recipient
(D) Client as resource

**3.** The tendency to commit crime repeatedly without any sense of repentance is called
(A) De facto action
(B) Terrorism
(C) Return-back
(D) Recidivism

**4.** Which of the following is recognised as decade for Natural Disaster Reduction ?
(A) 1980s (B) 1990s
(C) 1970s (D) 1960s

**5.** The National Rural Employment Guarantee Act came into force in the year
(A) 1999 (B) 2001
(C) 2005 (D) 2009

**6.** Written or visual materials read or viewed primarily for the purpose of sexual pleasure is called
(A) Sexual photography
(B) Pornography
(C) Papers on sex
(D) Blue film

**7.** Who introduced the concept of 'Role Playing' ?
(A) E. Durkheim
(B) G.H. Mead
(C) W.I. Thomas
(D) Sigmond Freud

**8.** Negative reinforcement leads to
(A) Extinguish a behaviour
(B) Increase in desired responses
(C) Eliminate desirable responses
(D) Learned helplessness

**9.** 12 years old Ashad need not be told that he had failed in his exams, on returning home he could guess by the looks on his father's face and his posture, what his result was ? This is an example of
(A) Involvement of visual modality
(B) Non-verbal communication
(C) Extra-sensory perception
(D) Facial cues

**10.** When monotony in work is reduced by giving a wider variety of duties to employees; it is known as
(A) Job enlargement
(B) Job rotation
(C) Job redesign
(D) Job enrichment

**11.** NICP means
(A) National initiative for child protection.
(B) National integrative for child program.
(C) National integrative for child policy.
(D) National initiative for child planning.

# समाजकार्य

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में निम्नतम बाल लिंग अनुपात है ?
(A) केरल (B) कर्नाटक
(C) तमिलनाडु (D) पंजाब

**2.** निम्नलिखित में से कौन से समाजकार्य का व्यावसायिक दृष्टिकोण नहीं है ?
(A) वस्तु के रूप में सेवार्थी ।
(B) नागरिक के रूप में सेवार्थी ।
(C) प्राप्तकर्त्ता के रूप में सेवार्थी ।
(D) संसाधन के रूप में सेवार्थी ।

**3.** पश्चाताप के किसी भाव के बगैर बार-बार अपराध करने की प्रवत्ति क्या कहलाती है ?
(A) वास्तविक कृत्य
(B) आतंकवाद
(C) वापस लौटना
(D) अपराध व्यसन

**4.** निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय आपदा ह्रासीकरण दशक माना जाता है ?
(A) 1980 का (B) 1990 का
(C) 1970 का (D) 1960 का

**5.** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम किस वर्ष में लागू हुआ ?
(A) 1999 (B) 2001
(C) 2005 (D) 2009

**6.** लिखित अथवा दृष्टिगत सामग्री जिसे प्राथमिक रूप से यौन सुख के लिये पढ़ा या देखा जाता है, क्या कहलाती है ?
(A) यौन फोटोग्राफी
(B) अश्लील चित्र, साहित्य
(C) यौन पर लेख
(D) ब्लू फिल्म

**7.** 'रोल प्लेइंग' की अवधारणा किसने प्रारम्भ की ?
(A) ई. दुर्खीम
(B) जी.एच. मीड
(C) डब्ल्यू.आइ. थॉमस
(D) सिग्मण्ड फ्रॉयड

**8.** नकारात्मक पुनर्बलन किस ओर प्रवृत्त करता है ?
(A) व्यवहार को मात देने में
(B) इच्छित अनुक्रियाओं में वृद्धि करने में
(C) वांछित अनुक्रियाओं को समाप्त कर देने में
(D) पांडित्यपूर्ण निस्सहायपन

**9.** 12 वर्षीय असद को यह कहने की ज़रूरत नहीं थी कि वो अपनी परीक्षा में फेल हो गया है । घर लौटने पर अपने पिता के चेहरे के भाव और उनकी मुद्रा से वो अनुमान लगा सकेगा कि उसका परीक्षा परिणाम क्या है । यह किसका उदाहरण है ?
(A) दृष्टिक शैली की अंत:ग्रस्तता का
(B) अवाचिक सम्प्रेषण का
(C) अतिरिक्त संवेदी अवबोधन का
(D) चेहरे के हाव-भाव का

**10.** जब कार्य की नीरसता कर्मचारियों को व्यापक प्रकार की ड्यूटी देने से कम हो जाती है तो यह कहलाती है
(A) जॉब विस्तार
(B) जॉब क्रमावर्तन (रोटेशन)
(C) जॉब रिडिजाइन
(D) जॉब समृद्धिकरण

**11.** एन.आइ.सी.पी. का तात्पर्य है
(A) नेशनल इनिशिएटिव फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन
(B) नेशनल इंटीग्रेटिव फॉर चाइल्ड प्रोग्राम
(C) नेशनल इंटीग्रेटिव फॉर चाइल्ड पॉलिसी
(D) नेशनल इनिशिएटिव फॉर चाइल्ड प्लानिंग

**12.** One of the following is not a technique that come under paraphrase.
(A) Restatement
(B) Reflection
(C) Summary
(D) Open ended question

**13.** The study of the distribution and determinants of health related status or events in specified populations and the application of this study to the control of health problems is called
(A) Entomology (B) Biology
(C) Epidemiology (D) Geology

**14.** "Felt difficulty in fulfilling role obligation" is known as
(A) Inter role
(B) Role variation
(C) Role strain
(D) Role ambiguity

**15.** The model of Social Policy called 'residual welfare' has been advanced by
(A) Norman Ginsburg
(B) Richard Titmus
(C) Lewis
(D) David Danison

**16.** The activity that inter-relates various parts of the welfare agency so that it functions as a whole is
(A) planning
(B) programming
(C) co-ordination
(D) policy determination

**17.** Which of the following statement is correct ?
(A) Reliability ensures validity.
(B) Validity ensures reliability.
(C) Reliability does not depend on objectivity.
(D) Reliability and validity are independent of each other.

**18.** Who has divided Family into 'Family of orientation' and 'Family of procreation' ?
(A) Murdock (B) Kapadia
(C) Robertson (D) Warner

**19.** Probation of Offenders Act came into being in the year
(A) 1948 (B) 1952
(C) 1958 (D) 1962

**20.** The strength of association between two variables is called
(A) Correlation
(B) Inference
(C) Hypothesis
(D) None of the above

**21.** The independent variable is also called
(A) Predictor variable
(B) Criterion variable
(C) Construct
(D) None of the above

**22.** The Research design in which identification of relationship between variables is attempted, is called
(A) Experimental design
(B) Case Study
(C) Descriptive design
(D) None of the above

**23.** What would be mean of 1, 0, 2, 3, 0, 2, 3, 4, 0, 2, and 5.
(A) 0 (B) 2
(C) 4 (D) 2.5

**24.** Institutional Re-distributive model is linked with
(A) Totalitarian state
(B) Welfare state
(C) Capitalist state
(D) Communist state

**12.** निम्नलिखित में से एक तकनीक पैराफ्रेज़ के अंतर्गत नहीं आती है :

(A) पुनर्कथन

(B) प्रतिबिंब

(C) सारांश

(D) खुले सिरे का प्रश्न

**13.** निर्दिष्ट जनसंख्याओं में स्वास्थ्य सम्बन्धित स्थितियों और घटनाओं के वितरण और निर्धारकों का अध्ययन और इस अध्ययन का स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को नियन्त्रित करने में प्रयुक्त करना क्या कहलाता है ?

(A) कीट विज्ञान (B) जीव विज्ञान

(C) व्यापक रोग विज्ञान (D) भू विज्ञान

**14.** भूमिका का दायित्व निबाहने में कठिनाई महसूस करने को क्या कहते हैं ?

(A) अंतर भूमिका

(B) भूमिका परिवर्तन

(C) भूमिका के लिये परिश्रम

(D) भूमिका के सम्बन्ध में अस्पष्टता

**15.** 'सामाजिक नीति' का मॉडल जिसे 'अवशेष कल्याण' (रेसिड्युल वैलफेयर) कहा जाता है किसने प्रतिपादित किया है ?

(A) नॉरमैन जिंसबर्ग (B) रिचर्ड टिटमस

(C) लेविस (D) डेविड डैनिसन

**16.** कल्याण एजेन्सी के विभिन्न भागों को अंत: सम्बन्धित करने वाली गतिविधि (या क्रिया) जिससे कि एजेन्सी समग्र रूप से कार्य कर सके क्या कहलाती है ?

(A) नियोजन (B) प्रोग्रामन

(C) समन्वय (D) नीति निर्धारण

**17.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) विश्वसनीयता, वैधता सुनिश्चित करती है ।

(B) वैधता, विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है ।

(C) विश्वसनीयता वस्तुपरकता पर निर्भर नहीं करती है ।

(D) विश्वसनीयता और वैधता एक दूसरे से स्वतन्त्र हैं ।

**18.** परिवार को 'जन्म परिवार' और 'प्रजनन परिवार' में किसने विभाजित किया ?

(A) मुर्डोक (B) कपाडिया

(C) रॉबर्टसन (D) वार्नर

**19.** अपराधी परिवीक्षा अधिनियम किस वर्ष में बना ?

(A) 1948 (B) 1952

(C) 1958 (D) 1962

**20.** दो चरों के बीच साहचर्य की मजबूती क्या कहलाती है ?

(A) सहसम्बन्ध

(B) अनुमान

(C) परिकल्पना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** स्वतन्त्र चर को निम्नलिखित भी कहा जाता है :

(A) प्राक्सूचक चर

(B) मानदंड चर

(C) रचना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** जिस अनुसंधान अभिकल्प (डिजाइन) में चरों के बीच सम्बन्ध के पहचान की चेष्टा की जाती है वो डिजाइन क्या कहलाती है ?

(A) प्रयोगात्मक डिजाइन

(B) वृत्त अध्ययन (केस स्टडी)

(C) विवरणात्मक डिजाइन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** 1, 0, 2, 3, 0, 2, 3, 4, 0, 2 और 5 का माध्य क्या होगा ?

(A) 0 (B) 2

(C) 4 (D) 2.5

**24.** संस्थानिक पुन: वितरणीय मॉडल किससे सम्बन्धित है ?

(A) सर्वसत्तात्मक राज्य

(B) कल्याणकारी राज्य

(C) पूँजीवादी राज्य

(D) साम्यवादी राज्य

**25.** Who developed the Physical Quality of Life Index ? (PQLI)

(A) Richard Estes (B) D.M. Morris

(C) Md. Yunus (D) Amartya Sen

**26.** Gender related Development Index is used in

(A) Millenium Development Goals

(B) World Development Report

(C) Human Development Report

(D) None of the above

**27.** Which of the following is not correct ? 'A belief' becomes a 'scientific truth' when it

(A) is established experimentally.

(B) is arrived logically.

(C) is accepted by many people.

(D) can be replicated.

**28.** The hypothetical statements denying what are explicitly indicated in working hypothesis are known as

(A) Relational hypothesis

(B) Complex hypothesis

(C) Statistical hypothesis

(D) Null hypothesis

**29.** The acronym "BIMARU" represents states

(A) Bihar, Madhya Pradesh, Rajasthan and U.P.

(B) Bihar, Maharashtra, Ranchi and U.P.

(C) Bihar, Mizoram, Rajasthan and U.P.

(D) None of the above.

**30.** Accountability in governance refers to

(A) The ability of citizens to hold leaders, government and public organisations to account.

(B) The ability of citizens to open accounts in banks.

(C) The National income account that show profit and loss of government.

(D) The behaviour of chartered accountants in the corporate world.

**31.** 'Glass Ceiling' is

(A) A transparent surface of a building where plants are kept.

(B) A transparent barrier which women face as they attempt to achieve promotion to the higher levels of organisation.

(C) A place with clear surface where reptiles breed.

(D) A biological problem with women during pregnancy.

**32.** 'Yellow revolution' is

(A) A tribal custom of North-Eastern States.

(B) A symbol of criticism of political decisions adopted by opposition parties.

(C) The growth, development and adoption of new varieties of oil seeds and technologies to increase oil seed production.

(D) A revolution to bring changes in the mind of masses for environmental concerns.

**33.** Biomagnification is a process

(A) where some compounds remain in the eco-system in virtually unchanged form as they are passed from one organism to another by predation.

(B) When some compounds change their properties and become part of other organism.

(C) Magnification of compounds with one step after the other.

(D) Bio degradation of environmental system in which some compounds continuously change their characteristics.

**25.** जीवन सूचकांक की भौतिक गुणवत्ता (पी.क्यू.एल.आई) किसने विकसित की है ?

(A) रिचार्ड इस्टे (B) डी.एम. मॉरिस

(C) मौ. यूनुस (D) अमर्त्य सेन

**26.** जेंडर सम्बन्धित विकास सूचकांक का प्रयोग किसमें किया जाता है ?

(A) सहस्त्राब्दि लक्ष्य

(B) विश्व विकास रिपोर्ट

(C) मानव विकास रिपोर्ट

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ? 'धारणा' 'वैज्ञानिक सत्य' बन जाती है जब वो :

(A) प्रयोगात्मक रूप से स्थापित है ।

(B) युक्तियुक्त रूप से घटित होती है ।

(C) बहुत से लोगों द्वारा स्वीकार कर ली जाती है ।

(D) दोहराई या प्रतिकृत की जा सकती है ।

**28.** व्यवहार्य परिकल्पनाओं में जो सुस्पष्ट रूप से इंगित किया है उसे अस्वीकार करने वाले प्राक्कल्पनात्मक (या हेत्वाश्रित) कथन क्या कहलाते हैं ?

(A) सम्बन्धपरक परिकल्पना

(B) जटिल परिकल्पना

(C) सांख्यिकीय परिकल्पना

(D) शून्य परिकल्पना

**29.** परिवर्णी शब्द 'बिमारु' (बी.आइ.एम.ए.आर.यू.) कौन से राज्यों को निरुपित करता है ?

(A) बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और यू.पी.

(B) बिहार, महाराष्ट्र, रांची और यू.पी.

(C) बिहार, मिज़ोरम, राजस्थान और यू.पी.

(D) उपर्युक्त कोई नहीं

**30.** शासन में जवाबदेयता किसका संकेत करती है ?

(A) नेताओं, सरकार तथा लोक संगठनों को जवाबदेय ठहराने की नागरिकों की योग्यता ।

(B) बैंकों में खाता खोलने की नागरिकों की योग्यता ।

(C) राष्ट्रीय आय खाता सरकार का लाभ हानि दर्शाता है ।

(D) कॉरपोरेट विश्व में सनदी लेखाकार का व्यवहार ।

**31.** 'काँच छतगीरी' (ग्लास सीलिंग) क्या है ?

(A) इमारत की पारदर्शी सतह जहाँ पौधे रखे जाते हैं ।

(B) पारदर्शी अवरोध जिसका महिलाओं को उच्च स्तर के संगठनों तक पदोन्नति पाने के समय सामना करना पड़ता है ।

(C) साफ सतह युक्त स्थान जहाँ सर्पणशील जीव प्रजनन करते हैं ।

(D) गर्भधारण के दौरान स्त्रियों की जैविक समस्या ।

**32.** पीत क्रान्ति क्या है ?

(A) उत्तर-पूर्वी राज्यों की जनजातीय प्रथा

(B) विपक्षी दलों द्वारा अपनाए गए राजनीतिक निर्णयों की आलोचना के प्रतीक

(C) तिलहन के उत्पादन में वृद्धि करने की प्रौद्योगिकियाँ और तिलहन की नई किस्मों में वृद्धि, विकास और उन्हें अपनाना

(D) वातावरणीय सरोकारों के लिये लोगों के दिमाग में बदलाव लाने के लिये क्रान्ति

**33.** जैविक आवर्धन एक प्रक्रिया है

(A) जब कुछ मिश्रण पारिस्थितिकीय व्यवस्था में बिल्कुल अपरिवर्तित रूप में रह जाते हैं क्योंकि वे परभक्षी वृत्ति के कारण एक से दूसरे जीव में चले जाते हैं ।

(B) जब कुछ मिश्रण अपने गुणधर्म बदलते हैं और अन्य जीव का हिस्सा बन जाते हैं ।

(C) एक के बाद दूसरे सोपान के साथ मिश्रणों का आवर्धन

(D) वातावरणीय व्यवस्था की जैविक अवनति जिसमें कुछ मिश्रण अनवरत रूप से अपनी विशेषताओं को बदलते रहते हैं ।

**34.** Match the items in List-I with List-II

| List – I | | List – II | |
|---|---|---|---|
| (a) | Reproductive Child Health | (i) | Police Research |
| (b) | The National Rural Employment Guarantee Act | (ii) | Trauma |
| (c) | Post Traumatic Stress Disorder | (iii) | Mother and Child |
| (d) | Bureau of Police Research and Development | (iv) | Employment at village level |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**35.** Arrange the following Acts in order in which they were enacted. Use the codes given below :

(i) The Industrial Employment (Standing orders) Act.
(ii) The Indian Trade Unions Act.
(iii) The Industrial Disputes Act.
(iv) The Employment Exchange (Compulsory Notification) Act.

**Codes :**
(A) (ii), (i), (iii), (iv)
(B) (iii), (iv), (i), (ii)
(C) (i), (ii), (iv), (iii)
(D) (iv), (iii), (ii), (i)

**36.** Put the following steps in the process of Participating Rural Appraisal in a sequence.

I. Use of tools
II. Report generation
III. Rapport building
IV. Initial contact
V. Sharing the learnings
VI. Participating Action Planning

**Codes :**
(A) IV, III, I, II, V, VI
(B) IV, II, III, I, V, VI
(C) II, IV, III, I, V, VI
(D) IV, I, III, II, V, VI

**37.** Arrange the following Acts in order in which they were enacted. Use the codes given below :

(i) Child Marriage Restraint Act.
(ii) Medical Termination of Pregnancy Act
(iii) Hindu Marriage Act
(iv) Dowry Prohibition Act

**Codes :**
(A) (ii), (i), (iii), (iv)
(B) (i), (iii), (iv), (ii)
(C) (iii), (ii), (i), (iv)
(D) (iv), (iii), (ii), (i)

**38.** **Assertion (A) :** Prison is a correctional institution that aims at reforming the criminals.

**Reason (R) :** Prison segregates the criminals to protect the society.

**Codes :**
(A) Both (A) & (R) are correct.
(B) Both (A) & (R) are not correct.
(C) (A) is correct and (R) is not correct.
(D) Both (A) & (R) are correct, but (R) is not correct explanation of (A).

**39.** Match the items of List-I with those of List-II

| List – I (Event) | | List – II (Year) | |
|---|---|---|---|
| (a) | International Youth Year | (i) | 2005 |
| (b) | International Micro credit Year | (ii) | 1950 |
| (c) | Mental Health Act | (iii) | 1947 |
| (d) | Establishment of Planning Commission | (iv) | 1987 |
| | | (v) | 1985 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (v) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (v) |
| (D) | (v) | (i) | (iii) | (iv) |

34. सूची-I की मदों को सूची-II की मदों के साथ सुमेलित करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) प्रजनन बाल स्वास्थ्य | (i) पुलिस शोध |
| (b) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम | (ii) अभिघात (ट्रॉमा) |
| (c) उत्तर अभिघातज तनाव विकार | (iii) माँ और बच्चा |
| (d) पुलिस शोध एवं विकास ब्यूरो | (iv) ग्राम स्तर पर रोजगार |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

35. निम्नलिखित अधिनियमों को उनके अधिनियमित होने के क्रम में व्यवस्थित करें । नीचे दिये कूटों का उपयोग करें :

(i) औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम
(ii) भारतीय मजदूर संघ अधिनियम
(iii) औद्योगिक विवाद अधिनियम
(iv) रोजगार कार्यालय (अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम

**कूट :**
(A) (ii), (i), (iii), (iv)
(B) (iii), (iv), (i), (ii)
(C) (i), (ii), (iv), (iii)
(D) (iv), (iii), (ii), (i)

36. सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (अप्रेज़ल) की प्रक्रिया में निम्नलिखित सोपानों को अनुक्रम में रखें :

I. उपकरणों का उपयोग
II. रिपोर्ट बनाना
III. सम्बन्ध बनाना
IV. प्रारम्भिक सम्पर्क
V. अर्जित जानकारी का साझा करना
VI. सहभागी कार्यवाही नियोजन

**कूट** :
(A) IV, III, I, II, V, VI
(B) IV, II, III, I, V, VI
(C) II, IV, III, I, V, VI
(D) IV, I, III, II, V, VI

37. निम्नलिखित अधिनियमों को उनके अधिनियमति होने के क्रम में व्यवस्थित करें । नीचे दिये कूटों का प्रयोग करें :

(i) बाल विवाह निरोध अधिनियम
(ii) गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम
(iii) हिन्दू विवाह अधिनियम
(iv) दहेज प्रतिषेध अधिनियम

**कूट** :
(A) (ii), (i), (iii), (iv)
(B) (i), (iii), (iv), (ii)
(C) (iii), (ii), (i), (iv)
(D) (iv), (iii), (ii), (i)

38. **अभिकथन (A) :** बंदीगृह सुधारात्मक संस्था है जिसका उद्देश्य अपराधियों को सुधारना है ।

**कारण (R) :** बंदीगृह समाज की सुरक्षा करने के लिए अपराधियों को अलग करता है ।

**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।
(C) (A) सही है और (R) सही नहीं है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

39. सूची-I की मदों को सूची-II की मदों के साथ सुमेलित करें :

| सूची – I (घटना) | सूची – II (वर्ष) |
|---|---|
| (a) अंतर्राष्ट्रीय युवा वर्ष | (i) 2005 |
| (b) अंतर्राष्ट्रीय लघु ऋण वर्ष | (ii) 1950 |
| (c) मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम | (iii) 1947 |
| (d) योजना आयोग की स्थापना | (iv) 1987 |
| | (v) 1985 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (v) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (v) |
| (D) | (v) | (i) | (iii) | (iv) |

**40.** Match the following :

| List – I (Event) | List – II (Date of observance) |
|---|---|
| (a) World Consumer Day | (i) Oct 24th |
| (b) International Literacy Day | (ii) Sept. 8th |
| (c) World Mental Health Day | (iii) Oct 10th |
| (d) UN Day | (iv) March 15th |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**41.** Match the items in List-I with List-II and choose the correct code given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Oral stage | (i) Trust V/s Mistrust |
| (b) Anal stage | (ii) Industry V/s Inferiority |
| (c) Genital stage | (iii) Autonomy V/s Shame & Doubt |
| (d) Latency | (iv) Initiative V/s Guilt |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**42.** **Assertion (A) :** Inspite of best efforts Sarva Shiksha Abhiyan failed to achieve desirable literacy rate.

**Reason (R) :** Results can be achieved without political will

**Codes :**

(A) Both(A) and (R) are correct.
(B) Both (A) and (R) are not correct.
(C) (A) is correct and (R) is correct explanation of (A).
(D) (A) is correct but (R) is not the correct explanation of (A).

**43.** **Assertion (A) :** Goitre is a common disease in mountainous regions.

**Reason (R) :** The diet of the people in mountainous regions lack iodine content.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(B) (A) is true, but (R) is false.
(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(D) Both (A) and (R) are false.

**44.** **Assertion (A) :** Due to strong family ties, women in India sacrifice for their family.

**Reason (R) :** It is a product of social conditioning.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (R) is true, but (A) is false.

**45.** **Assertion (A) :** Disaster affected population can take care of their emotional and psychological needs with their own resources.

**Reason (R) :** The strong socio-cultural traditions are powerful support in such situation.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(B) (A) is true, but (R) is false.
(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(D) Both (A) and (R) are false.

**40.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I (घटना)** | | **सूची – II (मनाने का वर्ष)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | विश्व उपभोक्ता दिवस | (i) | 24 अक्टूबर |
| (b) | अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस | (ii) | 8 सितम्बर |
| (c) | विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस | (iii) | 10 अक्टूबर |
| (d) | संयुक्त राष्ट्र दिवस | (iv) | 15 मार्च |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**41.** सूची-I की मदों को सूची-II की मदों के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | | **सूची – II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | मुखावस्था | (i) | विश्वास बनाम अविश्वास |
| (b) | गुदा अवस्था | (ii) | उद्योग बनाम हीनता |
| (c) | जननांगी अवस्था | (iii) | स्वायत्तता बनाम शर्म एवं संशय |
| (d) | अव्यक्तता | (iv) | पहल बनाम अपराध बोध |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**42.** **अभिकथन (A) :** उत्कृष्ट प्रयासों के बावजूद, सर्वशिक्षा अभियान वांछित साक्षरता दर को प्राप्त करने में असफल रहा ।

**कारण (R) :** राजनीतिक इच्छा शक्ति के बिना फल पाए जा सकते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।

(C) (A) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) सही है परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**43.** **अभिकथन (A) :** गलगण्ड का रोग पर्वतीय क्षेत्रों में आम पाया जाता है ।

**कारण (R) :** पर्वतीय लोगों के आहार में आयोडीन की मात्रा का अभाव होता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(B) (A) सत्य है परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

**44.** **अभिकथन (A) :** भारत में पारिवारिक सम्बन्ध प्रगाढ़ होने के कारण महिलाएँ अपने परिवार के लिये त्याग करती हुई पाई जाती हैं ।

**कारण (R) :** यह सामाजिक अनुकूलन का उत्पाद है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (R) सत्य है परन्तु (A) असत्य है ।

**45.** **अभिकथन (A) :** आपदा प्रभावित जनसंख्या अपनी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं की अपने खुद के संसाधनों से संभाल कर सकती है ।

**कारण (R) :** शक्तिशाली सामाजिक-सांस्कृतिक परम्पराएँ ऐसी स्थितियों में मजबूत अवलम्ब होती हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(B) (A) सत्य है परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

Read the passage given below and answer the following questions as per the understanding of the passage (Question No. **46** to **50**)

The Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 guarantees to all children within the age-group 6-14 years the right to education in proper schools with trained teachers. It was a long, long time coming, but this historic legislation, despite the many loopholes, has the power to transform the lives of millions of poor Indian children who have so far been deprived of the opportunity to make their lives better than those of their parents.

Since Independence, elementary eduction has grown into a multi-headed monster of sorts, with its own caste system of service-providers – government ordinary, government elite, private elite, private-run but government-funded, and so on. It has provided children of the privileged classes a springboard to greater privilege, while doing nothing to eradicate child labour or provide poor children with even basic literacy, let alone the broader gains of education.

Broadly, the vast majority of the population, both rural and urban, send their children to government-run schools as these are free, that is, they do not charge fees. However, given that the quality of education in these schools is usually quite poor, the fast-increasing middle class prefer to send their children to privately-run schools.

The new Act addresses some of these issues, but not the more important concern – teacher absenteeism. Various studies have shown that at any given time, 30% of teachers at government schools are absent from their classrooms. While the Act mandates the number of teaching hours per year, it does not address the lack of accountability on the part of the teacher or the system if the mandated number of hours is not actually provided.

Other problems include discrimination on a caste basis, violence and abuse of children, and discrimination against girls. The latter is not often overt but a result of certain existing situations: for example, 27% of schools do not have even one female teacher, resulting in a lack of confidence on the part of parents, especially of older girls. Fifty percent of schools do not have separate toilets for girls. As a result, it is estimated that for every 100 girls who enrol in school in rural India, 40 will reach Class IV, 18 will reach Class VIII, nine will reach Class IX, and only one will make it to Class XII.

And finally, and more significantly, what are children learning ? The stated aim of elementary education is to provide the child with the knowledge, skills and qualities to become an independent, thinking, creative human being. But a report shows that on the ground we are far from even providing them the basic literacy skills. This is the biggest challenge now that children are increasingly going to be brought into the mainstream – can the system help them develop into independent, thinking, creative human beings ? Or will it turn out barely literate automatons that have lost their innate ability to question and explore ?

नीचे दिया गया परिच्छेद पढ़ें और आगे दिये प्रश्नों (सं. **46** से **50**) का उत्तर दें :

बाल निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009, 6-14 वर्ष की आयु समूह में आने वाले समस्त बच्चों के लिए, प्रशिक्षित अध्यापकों से युक्त, उपयुक्त विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार की गारन्टी करता है । इस अधिनियम के आने में बहुत समय लगा, परन्तु यह ऐतिहासिक कानून, बहुत सी कमियों के बावजूद, लाखों गरीब भारतीय बच्चों का जीवन बदलने की शक्ति रखता है । यह बच्चे अपने जीवन को अपने अभिभावकों के जीवन से बेहतर बनाने के अवसरों से वंचित रहे ।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से, आरम्भिक शिक्षा अपने सेवा प्रदायकों – सरकार साधारण, सरकार संभ्रान्त, निजी संभ्रान्त, निजी संचालित परन्तु सरकार द्वारा निधियन, इत्यादि, की अपनी जाति प्रथा/व्यवस्था के साथ बहुमुखी पिशाच में विकसित हो गई है । इसने विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों के बच्चों को ज्यादा अधिक विशेषाधिकार प्राप्त करने का स्प्रिंगबोर्ड (गोता-तख्ता) प्रदान किया है, जब कि बाल श्रम के उन्मूलन अथवा गरीब बच्चों को मूलभूत साक्षरता ही प्रदान करने के लिये कुछ भी नहीं किया है, शिक्षा के ज्यादा व्यापक लाभों की तो बात ही छोड़ो ।

सामान्यतया, जनसंख्या का बड़ा अधिकांश भाग, ग्रामीण एवं नगरीय दोनों, अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजता है क्योंकि यह निशुल्क है, अर्थात्, वे फीस नहीं लेते हैं । तथापि, यह निश्चित हो जाने पर कि इन स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता प्राय: अत्यन्त घटिया होती है, तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजना ज्यादा पसन्द करता है ।

नया अधिनियम इनमें से कुछ मुद्दों को सम्बोधित करता है परन्तु, अध्यापकों की अनुपस्थिति के ज्यादा महत्त्वपूर्ण मामले को नहीं । विभिन्न अध्ययनों ने खुलासा किया है कि किसी एक दिये गये समय पर सरकारी स्कूलों के 30% अध्यापक अपनी कक्षाओं से अनुपस्थित रहते हैं । यह अधिनियम जबकि प्रतिवर्ष अध्यापन घण्टों की संख्या का अधिदेश देता है, यदि घण्टों की अधिदेशित संख्या वास्तव में नहीं प्रदान की जाती है तो, यह व्यवस्था की या अध्यापक की ओर से जवाबदेयता के अभाव को सम्बोधित नहीं करता है ।

अन्य समस्याओं में जाति के आधार पर भेदभाव, हिंसा और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, और लड़कियों के विरूद्ध भेदभाव समाविष्ट हैं । अन्तिम (भेदभाव) प्राय: प्रत्यक्ष नहीं होता है परन्तु कुछ विद्यमान स्थितियों का परिणाम होता है : उदाहरण के लिये, 27% स्कूलों में एक महिला अध्यापक भी नहीं होती है, जिसके फल स्वरूप अभिभावकों, विशेषकर बड़ी लड़कियों के अभिभावकों में भरोसे का अभाव होता है । 50% स्कूलों में लड़कियों के लिये पृथक शौचालय नहीं है । फलस्वरूप, यह अनुमान है कि ग्रामीण भारत में स्कूलों में नामांकित होने वाली प्रत्येक 100 लड़कियों पर, 40 कक्षा IV में जाएँगी, 18 कक्षा VIII में पहुँच जाएंगी, 9 कक्षा IX में पहुँचेंगी और सिर्फ एक कक्षा XII तक पहुँच पाएगी ।

अन्तत: यह और ज्यादा महत्त्वपूर्ण है कि, बच्चे सीख क्या रहे हैं ? आरम्भिक शिक्षा का कथित लक्ष्य, बच्चे को स्वतन्त्र, मननशील, सृजनशील मानव बनाने के लिये उसे ज्ञान, कौशल और गुणों को प्रदान करना है । परन्तु एक रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि इस आधार पर हम उन्हें मूलभूत साक्षरता कौशल ही प्रदान करने से बहुत दूर हैं । यह अब बड़ी चुनौती है क्योंकि बच्चों को मुख्यधारा में ज्यादा से ज्यादा लाया जाने वाला है – क्या व्यवस्था (या राज्य) उन्हें स्वतन्त्र, मननशील एवं सृजनात्मक मनुष्य विकसित होने में सहायता कर सकती है ? अथवा क्या वह इन्हें मात्र साक्षर कल-पुतला बना कर स्कूलों से निकालेगा जिसने प्रश्न करने की और अन्वेषण करने की अपनी अंतर्जात योग्यता खो दी है ।

**46.** The Right of children to free and compulsory Education Act 2009 guarantees to all children the right to

(A) education in proper schools with trained teachers.

(B) education to all children within the age group of 3-14 years in proper schools with trained teachers.

(C) education to all children within the age group of 6-14 years in proper schools with trained teachers.

(D) eduction to all children of all age groups in proper schools with trained teachers.

**47.** Since independence, elementary education has grown into a multi-headed monster of sorts, with its own caste system of service providers.

(A) Government ordinary, government elite, private elite, private-run but not government funded.

(B) Government elite, government ordinary, private elite, private-run but not government funded.

(C) Government ordinary, government elite, private elite, private-run, but government funded.

(D) Government elite, non-government ordinary, private elite, private run, but government funded.

**48.** The fast-increasing middle class prefer to send their children to privately-run schools because

(A) they charge less fee.

(B) they provide less quality education.

(C) they provide eduction on par with government run schools.

(D) they provide more quality education.

**49.** The stated aim of elementary eduction is to provide the child with

(A) the knowledge, skills and qualities to become a dependent, thinking, creative human being.

(B) the knowledge, skills and qualities to become an independent, thinking creative human being.

(C) the knowledge, skills and qualities to become an independent, thinking destructive human being.

(D) All the above.

**50.** The Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 mandates

I. Specified number of teaching hours per year.

II. Accountability of teachers.

III. Discrimination on caste basis.

IV. All the above.

**Codes :**

(A) I only

(B) I and II only

(C) II and III only

(D) All the above

**46.** बाल निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 समस्त बच्चों को किस अधिकार की गारन्टी करता है ?

(A) प्रशिक्षित अध्यापकों से युक्त उपयुक्त स्कूलों में शिक्षा ।

(B) 3-14 वर्ष की आयु समूह में सभी बच्चों को प्रशिक्षित अध्यापकों से युक्त उपयुक्त स्कूलों में शिक्षा ।

(C) 6-14 वर्ष की आयु समूह में सभी बच्चों को प्रशिक्षित अध्यापकों से युक्त उपयुक्त स्कूलों में शिक्षा ।

(D) सभी आयु समूह के समस्त बच्चों को प्रशिक्षित अध्यापकों से युक्त उपयुक्त स्कूलों में शिक्षा ।

**47.** स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से, प्रारम्भिक शिक्षा किन सेवा प्रदायकों की अपनी जाति प्रणाली के साथ बहुमुखी पिशाच बन गई है ?

(A) सरकार साधारण, सरकार संभ्रान्त, निजी संभ्रान्त, निजी संचालित परन्तु सरकारी निधियन नहीं ।

(B) सरकार संभ्रान्त, सरकार साधारण, निजी संभ्रान्त, निजी संचालित परन्तु सरकारी निधियन नहीं ।

(C) सरकार साधारण, सरकार संभ्रान्त, निजी संभ्रान्त, निजी संचालित परन्तु सरकारी निधियन ।

(D) सरकार संभ्रान्त, गैर सरकारी साधारण, निजी संभ्रान्त, निजी संचालित सरकार द्वारा निधियन ।

**48.** तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजना पसन्द करता है क्योंकि

(A) वो कम फीस लेते हैं ।

(B) वो कम गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करते हैं ।

(C) वो सरकारी स्कूलों के जैसी ही शिक्षा प्रदान करते हैं ।

(D) वो ज्यादा गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करते हैं ।

**49.** प्रारम्भिक शिक्षा का कथित लक्ष्य बच्चों को क्या प्रदान करना है ?

(A) आश्रित, मननशील, सृजनात्मक मनुष्य बनने के लिये ज्ञान, कौशल तथा गुण

(B) स्वतन्त्र, मननशील सृजनात्मक मनुष्य बनने के लिए ज्ञान, कौशल तथा गुण

(C) स्वतन्त्र, मननशील ध्वंसात्मक मनुष्य बनने के लिये ज्ञान, कौशल तथा गुण

(D) उपर्युक्त सभी

**50.** बाल निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 का अधिदेश है कि

I. प्रतिवर्ष अध्यापन घंटों की निश्चित संख्या

II. अध्यापकों की जवाबदेयता

III. जाति के आधार पर भेदभाव

IV. उपर्युक्त सभी

**कूट :**

(A) सिर्फ I

(B) सिर्फ I और II

(C) सिर्फ II और III

(D) उपर्युक्त सभी

UGC - NET JUNE 2013
ANSWER KEYS (PAPER II)
SUBJECT : ( 10 )Social Work

| Q.No. | SC10 |
|---|---|
| Q01 | D |
| Q02 | B |
| Q03 | D |
| Q04 | B |
| Q05 | C |
| Q06 | B |
| Q07 | B |
| Q08 | B |
| Q09 | B |
| Q10 | B |
| Q11 | A |
| Q12 | D |
| Q13 | C |
| Q14 | C |
| Q15 | B |
| Q16 | C |
| Q17 | D |
| Q18 | C |
| Q19 | C |
| Q20 | A |
| Q21 | A |
| Q22 | A |
| Q23 | B |
| Q24 | B |
| Q25 | B |
| Q26 | C |
| Q27 | A |
| Q28 | D |
| Q29 | A |
| Q30 | A |
| Q31 | B |
| Q32 | C |
| Q33 | A |
| Q34 | B |
| Q35 | A |
| Q36 | A |
| Q37 | B |
| Q38 | D |
| Q39 | B |
| Q40 | A |
| Q41 | D |
| Q42 | D |

| | |
|---|---|
| Q43 | C |
| Q44 | A |
| Q45 | C |
| Q46 | C |
| Q47 | C |
| Q48 | D |
| Q49 | B |
| Q50 | A |